बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू॰ एन॰ सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी॰ एल॰ दास)

उपाध्यक्ष
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

Truth Will Triumph

पत्र संख्या.........................

पटना
दिनांक 24-8-2000

प्रेस विज्ञप्ति

बिहार, प्रशासनिक सेवा संघ के आन्दोलनात्मक कार्यक्रम का द्वितीय चरण दिनांक-24.8.2000 से 30.8.2000 तक सामुहिक अवकाश आज से प्रारम्भ हुआ । पुरे राज्य में बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी अवकाश पर चले गये हैं । दिनांक-7.8.2000 से वर्क टू रूल एवं विधि-व्यवस्था का बहिष्कार के चलते प्रशासनिक व्यवस्था बिल्कुल ठप हो गयी है । पूरे राज्य में प्रखंड एवं अंचल कार्यालय से लेकर सचिवालय तक का कार्य पूरी तरह ठप हो चुका है ।

दिनांक 23.8.2000 को मुख्य सचिव से वार्ता के क्रम में संघ के शिष्टमंडल ने स्पष्ट रूप से बता दिया है कि बेसिक ग्रेड का वेतनमान हमारे समझौता का प्रथम बिन्दु है और इसकी अधिसूचना के बाद ही हम अन्य बिन्दुओं पर वार्ता करेगें । सरकार को यह भी बता दिया गया कि अगर 30.8.2000 तक बेसिक ग्रेड के वेतनमान की अधिसूचना निर्गत नहीं होती है तो हम 1.9.2000 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे । पूर्व से भी सरकार को ऐसी सूचना हम हर उपलब्ध माध्यम से देते रहे हैं ।

आखिर बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की जायज मांगों को नकारने का कोई तर्क जब सरकार के पक्ष में नहीं है तो राज्यहित में हुए समझौते के अनुरूप सरकार अविलम्ब आदेश निर्गत कर, राज्य को विनाश से बचाने में पहल करें ।

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की दिनांक 24.8.2000 की केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक में आज से प्रारम्भ हुए सामुहिक अवकाश की समीक्षा की गयी । प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार प्रशासनिक सेवा के सभी सदस्य संघ के आहवान पर अपनी चट्टानी एकता का परिचय देते हुए अवकाश पर हैं ।

कृ०पृ०उ०---2

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

Truth Will Triumph

उपाध्यक्ष
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या.........................

पटना
दिनांक..............................

संघ सरकार से माँग करती है कि हठधर्मिता का त्याग करे एवं दिनांक 29.3.2000 को हुए समझौता तथा अन्य बिन्दुओं पर अनुरूप कार्रवाई कर संघ को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य न करें अन्यथा राज्य की हो रही क्षति की सारी जवाबदेही सरकार की होगी ।

आन्दोलन की सफलता के लिए सभी सदस्यों को बधाई देते हुए संघ यह अनुरोध करती है है कि आगे भी दृढ़ता एवं चट्टानी एकता दिखायें एवं संघ के कार्यक्रमों को सफल बनाने के सभी उपाय करें जो आवश्यक है । किसी प्रकार के अफवाहों से स्वयं सावधान रहें और दूसरे सदस्यों को भी सचेत करें ।

आन्दोलन के संबंध में किसी प्रकार का भ्रम अथवा संशय होने पर संघ के अध्यक्ष एवं महासचिव से सीधे सम्पर्क करें । यह हमेशा याद रखें कि बेसिक ग्रेड का वेतनमान एवं अपर सचिव तथा विशेष सचिव का पद एवं वेतनमान हमारी प्रतिष्ठा से जुड़ा है, इसे प्राप्त करने के लिए अब आन्दोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं रहा ।

संघ एकता जिन्दाबाद ।

गंगाधरदास 24.8.2000   24.8.2000

(गंगाधर लाल दास)
महासचिव,
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ ।

(वजीन्द्र नारायण सिंह)
अध्यक्ष,
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ ।

ज्ञापांक 141   दिनांक- 24.8.2000.

प्रतिलिपि:- निदेशक, दूरदर्शन, पटना/आकाशवाणी, पटना/समाचार सम्पादक, सभी दैनिक हिन्दी एवं अंग्रेजी समाचार पत्र, पटना, राँची, धनबाद, डालटेनगंज एवं ब्यूरो प्रमुख, यू0एन0आई0/पी0टी0आई0 को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ प्रेषित ।

गंगाधरदास 24.8.2000

(गंगाधर लाल दास)
महासचिव